# MAHD–07

## June – Examination 2024

# M.A. (Final) Examination

## HINDI

## (भाषाविज्ञान)

## Paper : MAHD-07

*Time : **3** Hours ]* *[ Maximum Marks : **80***

**निर्देश :** यह प्रश्न-पत्र 'अ', 'ब' और 'स' तीन खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**खण्ड—अ** **8×2=16**

**(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)**

**निर्देश :** सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को प्रश्नानुसार एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम **30** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(i) भाषा विज्ञान में 'यादृच्छिकता' से क्या तात्पर्य है ?

(ii) भाषा उद्भव के प्रतिभा सिद्धांत का प्रवर्तक कौन हैं ?

(iii) समास के प्रमुख भेदों को लिखिए।

(iv) अर्थ परिवर्तन के **दो** कारण लिखिए।

(v) देवनागरी लिपि के कुल स्वर एवं व्यंजनों की संख्या बताइए।

(vi) द्रविड़ भाषा परिवार में कुल कितनी भाषाएँ हैं ?

(vii) पश्चिमी हिन्दी की प्रमुख बोलियों के नाम लिखिए।

(viii) आठवीं अनुसूची में कुल कितनी भाषाएँ हैं ?

## खण्ड—ब  4×8=32

### (लघु उत्तरीय प्रश्न)

**निर्देश :** किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम **200** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 8 अंक का है।

2. भाषा की परिभाषा लिखते हुए इसके प्रमुख लक्षण लिखिए।

3. भाषा विज्ञान का अन्य सामाजिक विज्ञानों से संबंध बताइए।

4. भारोपीय भाषा परिवार पर टिप्पणी लिखिए।



5. ध्वनि परिवर्तन के प्रमुख कारणों पर प्रकाश डालिए।

6. राजभाषा हिन्दी की संवैधानिक उपबंधों पर प्रकाश डालिए।

7. देवनागरी लिपि के उद्गम पर टिप्पणी लिखिए।

8. संस्कृत काव्यशास्त्रीय शैली विज्ञान पर टिप्पणी लिखिए।

## खण्ड—स  2×16=32

### (दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

**निर्देश :** किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम **500** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 16 अंक का है।

9. भाषा विज्ञान के अध्ययन की भारतीय परम्परा पर एक निबंध लिखिए।

10. देवनागरी लिपि के उद्भव एवं विकास पर एक निबन्ध लिखिए।

11. आधुनिक भारतीय आर्य भाषाओं का परिचय दीजिए।

12. राष्ट्रभाषा एवं राजभाषा के अन्तर को स्पष्ट करते हुए हिन्दी के समक्ष विद्यमान चुनौतियों पर प्रकाश डालिए।